भाजन

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

पटना, गुरुवार , २९ अक्तूबर, २०२६ सौर ११ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा



अर्शदीप सिंह

टी-20 में बनाया विश्व रिकॉर्ड



काम्या पंजाबी

स्काउट ने किया लव को नॉमिनेट


नीरज, संजीव और वंशीधर जीते

पटना (आससे) । तिरहुत स्नातक एमएलसी चुनाव में निर्दलीय बंशीधर ब्रजवासी ने अपनी सीट कायम रखी है। सिटिंग एमएलसी बंशीधर ने जेडीयू के अभिषेक झा को 9147 वोटों से हराया। ब्रजवासी को कुल 31832 वोट मिले, जबकि अभिषेक 22685 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। तिरहुत स्नातक सीट पर पहली वरीयता के मतों की गिनती से नतीजा नहीं निकल पाया। इसके बाद दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती में बंशीधर ने तय कोटा का जादुई आंकड़ा पार कर जीत हासिल कर ली।

डॉ संजीव ने 1058 वोट से डॉ नवल यादव को हराया

दरभंगा स्नातक से बीजेपी के सर्वेश जीत की ओर


दरभंगा स्नातक सीट पर 10 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है। भाजपा



के सर्वेश कुमार जीत की ओर अग्रसर हैं। वह 1291 वोटों से आगे चल रहे हैं। सर्वेश को 14774, जबकि राजद के अनिल झा को 13483 वोट मिले हैं। अब एलिमिनेशन राउंड से परिणाम घोषित होगा। इस वजह से रिजल्ट में देरी की संभावना है। पटना स्नातक पर नीरज 4655 वोट से जीते पटना



स्नातक एमएलसी चुनाव के परिणाम की औपचारिक घोषणा हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार जेडीयू प्रत्याशी नीरज कुमार ने आरजेडी के दिलीप पटेल को 4655 वोटों से हराया। नीरज को कुल 19930 वोट मिले, जबकि दिलीप को 15275 मत मिले। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार अनुज सिंह



11278 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहे, जिनका मोकामा विधायक अनंत सिंह समर्थन कर रहे थे।

नीरज चुनाव जीतने के बाद सीएम सम्राट चौधरी से मिलने पहुंचे

पटना स्नातक से चुनाव जीतने के बाद जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उनके आवास पर पहुंचे। सीएम ने उन्हें जीत की बधाई

पटना स्नातक पर नीरज 4655 वोट से जीते दिलीप को 15275 मत

दी। इससे पहले नीरज ने पूर्व सीएम एवं जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के आवास जाकर उनसे मुलाकात की थी और आशीर्वाद लिया था।

पटना शिक्षक सीट से राजद उम्मीदवार डॉ संजीव ने 1058 वोट से भाजपा उम्मीदवार डॉ नवल यादव को हराया है। इस चुनाव में कांग्रेस

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सेटेलाइट टाउनशिप में खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटी

पटना (आससे)। मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद ने पटना में १८२१ करोड़ की लागत से पटना अंडरग्राउंड कॉरिडोर के निर्माण का फैसला लिया है। सेटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन खरीद-बिक्री पर लगी रोक को हटाने का फैसला लिया है। इसी तरह से

1821 करोड़ की लागत से पटना में अंडरग्राउंड कारिडोर

११०९६ करोड़ से विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव कैबिनेट अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि बिहार में अंडरग्राउंड रोड कॉरिडोर के विकास के लिए फिजिबलिटी स्टडी के लिए १८२१ करोड़ की मंजूरी दी गयी है। पटना शहर के विभिन्न इलाकों यथा आर.ब्लॉक चौराहा से कंकड़बाग, डाकबंगला चौराहा से पटना वीमेंस कॉलेज तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को भूमिगत मार्गों से जोड़ने के लिए फिजिबलिटी स्टडी कराया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया



कि सोनपुर आयोजना क्षेत्र ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा, फिल्मसिटी, शैक्षणिक संस्थानों एवं विकास कार्य प्रक्रियाधीन है। इस क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय परियोजनाओं के आगमन की प्रबल संभावना को देखते हुए आयोजना क्षेत्र के क्षेत्र

(शेष पृष्ठ ९ पर)

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 30 नवम्बर से

पटना (आससे)। बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र ३० नवंबर से होगा जो चार दिसंबर तक चलेगा। बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति दी है। शीतकालीन सत्र में कुल ५ बैठकें होगी। सत्र के पहले दिन वित्तीय वर्ष २०२६-२७ के लिए तृतीय अनुपूरक बजट को पेश किया जायेगा। इससे पहले सदन में नये सदस्यों का शपथग्रहण का प्रावधान है। पिछले सत्र के दौरान विधानमंडल से स्वीकृत विधेयकों की राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित प्रति को सदन के पटल पर रखा जायेगा। तत्पश्चात शोक प्रकाश किये जायेंगे ही कार्यमंत्रणा समिति और अध्यासी सदस्यों का मनोनयन किया जायेगा। मंगलवार से गुरुवार तक सदन मं प्रश्नोत्तरकाल समेत अन्य विधायी कार्य संपादित होंगे।

अर्नब से आंध्र प्रदेश और ओडिशा सबसे ज्यादा प्रभावित

नयी दिल्ली (आससे)। चक्रवात अर्नब से अब तक उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला ने बुधवार को नई दिल्ली में मीडिया को यह जानकारी दी।

बुंदेला ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें राज्य

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com

नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

वेबसाइट पर 118 साल पुराने दस्तावेज होंगे उपलब्ध

पटना (आससे)। बिहार में 118 साल पहले खरीदी-बेची गई जमीन के दस्तावेजों को अब घर बैठे देखा जा सकेगा। इसके लिए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग पुराने निबंधित दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का काम लगातार कर रहा है। विभाग के अनुसार, 1908 से 1995 तक के लगभग 5 करोड़ 15 लाख दस्तावेजों को डिजिटाइज करने का लक्ष्य है। इनमें से अब तक 77 लाख 80 हजार दस्तावेज निबंधन विभाग की वेबसाइट

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में नकली दवाओं पर लगेगी लगाम : निशांत

पटना (आससे)। बिहार में मंत्री श्री निशांत ने दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मानकों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने अवमानक और निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली दवाओं



नकली और अवमानक दवाओं के कारोबार पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और शिकायत व्यवस्था को मजबूत करने की पहल की है. आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अब त्यागराजन एसएम का बढ़ा कद

पटना (आससे)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष और 2011 बैच के आईएएस अधिकारी त्यागराजन एसएम के करियर में अब एक नया अध्याय जुड़ गया है। बिहार सरकार ने उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार में उन्हें सहकारिता मंत्रालय में निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। नई

(शेष पृष्ठ ९ पर)

केन्द्रीय कर्मचारियों का डीए 3 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार 28 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढोतरी पर मुहर लगा दी. सरकार ने डीए और डीआर में 3प्रतिशत का



इजाफा कर दिया है. अब डीए 60 फीसदी से बढकर 63 फीसदी हो हो गया है. महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के लिए 10,016 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है. बैठक में आर्थिक गतिविधियों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत

(शेष पृष्ठ ९ पर)

An Investor Awareness Initiative by

SEBI

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India



CBC 15204/13/0126/2627